




नवभारत
भोपाल, सोमवार 09 मार्च, 2026

## एक नजर में

### भागवत कथा 16 मार्च से पोस्टर का हुआ विमोचन

**सुठालिया 08 मार्च, सं.** नगर के पीला खाल खेल मैदान पर 16 मार्च से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है. इस आयोजन का शुभारंभ पोस्टर विमोचन के साथ हुआ. नगर के गणमान्य नागरिक व आयोजन समिति के सदस्यों ने पावर हाउस स्थित माता मंदिर के प्रांगण में बैठकर पोस्टर विमोचन कर प्रचार प्रसार का शुभारंभ. बता दें कि करीब 20 वर्षों बाद गेहूं खेड़ी के प्रेम नारायण जी के मुखारविंद से यह कथा होने जा रही है. 16 मार्च से शुरू होकर 22 मार्च को खत्म होने वाली कथा का समय दोपहर 12 से 3 बजे रहेगा. पोस्टर विमोचन के दौरान ही नगर के गणमान्य नागरिकों ने आयोजन की तैयारीयो के संबंध में चर्चा भी की फिर प्रचार प्रसार समिति, जल सेवा समिति, भोजन व्यवस्था समिति, साफ सफाई व्यवस्था समिति, निगरानी समिति, पार्किंग व्यवस्था समिति सहित अन्य समितियां के नाम को लेकर चर्चा जिम्मेदारी सौंपी गई. नगर में आने वाले दिनों में घर-घर जाकर पीला चावल देकर न्योता दिया जाएगा ऐसा निर्णय भी इस दौरान लिया गया. कथा के शुभारंभ अवसर से पूर्व पावर हाउस स्थित माता मंदिर से कलश यात्रा शुभारंभ होगी. जिसमें सैकड़ो महिलाएं व पुरुष हिस्सा लेंगे 8 बजे से शुरू होकर यह कलश यात्रा 10 बजे तक कथा स्थल तक पहुंच जाएगी.

### बालिकाओं को वैक्सीन लगाने जागरूक किया

**पडाना 08 मार्च, सं.** जिला कलेक्टर डॉक्टर मिश्रा के निर्देश पर ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य विभाग टीम द्वारा घर-घर पहुंचकर 14 वर्ष की बालिकाओं को मुफ्त वैक्सीन लगवाने के लिए अभिभावकों को जागरूक किया जा रहा है. जिसके चलते पडाना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की एक टीम ने सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु 14 वर्ष की बालिकाओं के घर पहुंच कर अभिभावकों से संपर्क कर वैक्सिन के महत्व और लाभों के बारे में जानकारी दी एवं कहां की अपनी बेटियों को एचपीवी वैक्सीन का टीका लगवाने के लिए जागरूक करे एवं बताया कि एचपीवी वैक्सीन टीका लगवाने से बालिकाओं को शरीर में सर्वाइकल कैंसर जैसे रोग को 90 से 95 तक रोकने स्वस्थ सुरक्षित रखना के लिए लाभदायक होगा. इस मौके पर सुपरवाइजर एल एन सिरोलिया, एएनएम लक्ष्मी जाट, सहित आशा कार्यकर्ता इत्यादि शनिवार 20 से अधिक घर-घर पहुंच कर सर्व कर जागरूक किया.

# नाबालिग बेटी से पिता ने किया दुष्कर्म

## मां मायके गई तो पिता बना हैवान, पिता पुत्री के रिश्ते को किया तारतार

**सारंगपुर 08 मार्च, सं. ब्लाक के पुलिस थाना लीमा चौहान के अंतर्गत ग्राम भूमका गांव में एक पिता की ओर से अपनी नाबालिग बेटी से रेप का मामला सामने आया है. पिता ने अपनी पुत्री के साथ में ऐसा करके पिता पुत्री के रिस्ते को तारतार कर दिया है. हर कोई इस जघन्य अपराध की निंदा कर रहा है.**

पीड़िता कक्षा 10वीं की छात्रा है. पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया. जहां से उसे जेल भेज दिया गया है. मां झगड़े के बाद मायके गई हुई थी. लीमाचौहान थानाप्रभारी राहुल रघुवंशी ने रविवार को घटना का खुलासा करते हुए बताया की 15 वर्षीय नाबालिग पीड़िता के बयानों के अनुसार, यह घटना 4 मार्च की रात की है. उस समय पीड़िता की मां पति-पत्नी के झगड़े के कारण अपने मायके गई हुई थी.पिता ने अपनी बैठी को अकेला देखकर उसके साथ में ज्याददी की. पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ मामला दर्ज किया है.



### धमकी देकर बेटी के साथ किया रेप

घटना की रात पीड़िता देर तक पढ़ाई करने के बाद सो गई थी. इसी दौरान उसके पिता ने नींद में ही उसका मुंह दबा दिया. पीडिता हड़बड़ाकर उठी और चिल्लाने की कोशिश की, लेकिन आरोपी ने रेप किया और फिर धमकी देकर चला गया. अगले दिन पीडिता ने अपनी परीक्षा दी और शाम को अन्य परिजनों को घटना के बारे में बताया. 6 मार्च को परिजन के साथ नाबालिग लीमाचौहान थाने पहुंची. उसके बयानों के बाद मेडिकल कराया गया, जिसमें घटना की पुष्टि हुई. आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया. पुलिस ने तुरंत कोर्ट में पीड़िता के 164 के बयान दर्ज करवाए. आरोपी के खिलाफ रेप और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे हिरासत में लिया गया.

## रेल्वे के सामान से भरे ट्रक में आग लगी, ड्रायवर ने कूदकर जान बचाई

**सारंगपुर 08 मार्च, सं.** आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर चलते ट्रक में अचानक आग लग गई. घटना सारंगपुर-अकोदिया क्रॉसिंग ओवरब्रिज के पास की है. ट्रक से उठती आग की लपटें देखकर आसपास के लोगों अफरा-तफरी मच गई.



घटना शनिवार रात करीब 10 बजे की है. ट्रक में आग लगने की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा और एसआई अमित त्यागी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. नगर पालिका की फायर ब्रिगेड टीम भी तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गई और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया. आग तेजी से फैलने के कारण कुछ ही देर में ट्रक पूरी तरह उसकी चपेट में आ गया. फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक ट्रक का अधिकांश हिस्सा जल चुका था. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पहले ट्रक से धुआं उठता दिखाई दिया और कुछ ही देर में आग भड़क गई. पुलिस मामले की जांच कर रही है.ट्रक गुजरात पासिंग है और इंदौर से ब्यावरा की ओर जा रहा था. ट्रक में रेलवे विभाग के ड्रम और अन्य सामान लदा हुआ था. आग लगने के बाद ट्रक चालक वाहन से कूदकर मौके से चला गया. पुलिस फिलहाल चालक और ट्रक मालिक की तलाश कर रही है, ताकि आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके.



## स्वच्छता अभियान को मुंह चिढ़ा रहा नाला

### कचरा, मलबा जमा होने से महामारी फैलने का भय

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 08 मार्च, का. नगर का मुख्य नाला कचरे, मलबे से बुरी तरह पटा हुआ है. हालात यह है कि लम्बे समय से जमा मलबे, कचरे से दुर्गंध उठने लगी है. आने वाले गर्मी के दिनों में यह हालात चिंताजनक बन सकते है. समय रहते यदि नाले की उचित सफाई नहीं कराई गई तो महामारी फैलने का खतरा बना रहेगा.**

गौरतलब है कि नगर के मध्य से गुजर रहे गंदे नाले में काफी मात्रा में मलबा जमा है. काफी समय से उचित साफ सफाई नहीं होने से कचरा, मलबा सडने लगा है, इससे दुर्गंध उठने लगी है, इन हालातों के चलते आसपास के रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

### नपा ने कहा जल्द कराएंगे सफाई

नपा का कहना है कि जल्द ही नाले की उचित सफाई कराई जाएगी. नपा से प्राप्त जानकारी के अनुसार नाले के समीप रिर्टनिंग वॉल निर्माण के टेंडर हो चुके है, जल्द ही कार्य प्रांरभ हो जाएगा. दिखवाते हुए जल्द ही नाले की उचित साफ-सफाई कराई जाएगी.

### कई बार करा चुके अवगत

सुठालिया रोड से होकर जूना ब्यावरा, अहिंसा द्वार से होते हुए यह नाला अजनार नदी में जाकर मिलता है. नाले के आसपास बड़ी संख्या में रहवासी क्षेत्र है, हर दिन नाले के यहां गुजरने वाले रास्ते से बड़ी संख्या में राहगीरों का आना-जाना लगा रहता है, विवाह के दौरान माता पूजन के लिए मातामंड मंदिर जाते है, वहां तक पहुंचने का रास्ता भी नाले के समीप से होकर जाता है, नाले से उठने वाली दुर्गंध के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. रहवासियों का कहना है कि कई बार नगर पालिका के जिम्मेदारों, जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया किंतु इस और कोई ध्यान नहीं देने से दिनों दिन हालात दयनीय हो रहे है. नाले के यहां रिर्टनिंग वॉल का निमार्ण किए जाने की बात कही जाती है. जल्द से जल्द नाले की साफ सफाई किए जाने की मांग की गई है.



## दूर नहीं हो पा रही सर्वर डाउन की समस्या

### गेहूं पंजीयन के लिए परेशान हो रहे किसान

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा/राजगढ़ 08 मार्च, का. गेहूं उपार्जन हेतु पंजीयन की अंतिम तारीख 7 मार्च से बढ़ाकर 10 मार्च कर दी गई है किंतु सर्वर डाउन होने के कारण पंजीयन कराने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.**

गौरतलब है कि गेहूं पंजीयन का कार्य 7 फरवरी से शुरु होकर 7 मार्च तक था जिसे बढ़ाकर 10 मार्च कर दिया है, लेकिन बीते पांच दिनों से सर्वर डाउन होने की समस्या बनी हुई है, इससे पंजीयन नहीं हो पा रहे है. घंटो पंजीयन कराने के लिए इंतजार करना पड़ रहा है.

जिले में 84 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किए गये. 6 मार्च तक जिले में कुल 65 हजार 207 किसानों के द्वारा गेहूं फसल बिक्री हेतु पंजीयन कराए जा चुके है. सर्वर डाउन होने से पंजीयन होने में काफी समय लग रहा है.

### पंजीयन के लिए करना पड़ रहा इंतजार

सर्वर डाउन होने के कारण पंजीयन केन्द्रों पर भीड़ देखी जा सकती है. घंटो तक पंजीयन के लिए इंतजार करना पड़ रहा है. यही नहीं पंजीयन केन्द्रों पर दिन में पंजीयन नहीं होने के चलते रात्रि के समय सर्वर चालू होने पर पंजीयन का कार्य करना पड़ रहा है. गत वर्ष 25-26 में किसान पंजीयन संख्या 81 हजार 647 रही थी. इस बार 6 मार्च तक जिले में 65 हजार 207 ही पंजीयन हो सके है. इस तरह गत वर्ष की तुलना में पंजीयन की संख्या अभी कम ही है.

## सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए लगा रहे टीके

नवभारत न्यूज

**तलेन 08 मार्च, सं.** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 14 वर्ष से ऊपर के एवं 15 वर्ष के बच्चों को एचपीवी वैक्सीन लगाया जा रहा है जो सरकार की तरफ से पूर्णता नि:शुल्क है जिसकी मार्केट में कीमत 4 से 6 हजार के बीच है यह वैक्सीन बच्चों में भविष्य में होने वाली सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए लगाया जा रहा है. इसमें वैक्सीन लगवाने हेतु डॉक्टर अनिल कुमार सोनी एवं नीलम सोनगिरा कंप्यूटर ऑपरेटर राधेश्याम जन एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा साथी अशोक जी एवं एच वी संगीता करोसिया भी उपस्थित रहे.



## एक ही घर से तीन बच्चों का शासकीय सेवा में चयन

**पडाना 08 मार्च, सं.** एक के घर से तीन बच्चों का शासकीय सेवा में परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद भी सफलता के उस मुकाम तक माता-पिता ने मेहनत मजदूरी कर पढ़ाया अब यह तीनों बच्चे. अलग-अलग जगह पर अपनी सेवा दे रहे है.

यहां मामला है बिशन खेड़ी गांव का वैसे इन तीनों बच्चों की प्रारंभिक पढ़ाई मामा रामदयाल परमार का यहां रहते हुए पडाना नगर के सरस्वती शिशु मंदिर से कि थी



उसके बाद वह अपने घर चले गए. जहां पिता ने तीनों बच्चों को विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए सफलता के इस मुकाम तक पहुंचाया माता-पिता की ख्वाहिशों को पूरा करने के लिए बच्चों ने भी अपनी आगे की पढ़ाई का सामना करते हुए जारी रखी और इस मुकाम पर पहुंचे ऐसे में धीरज परमार का एमपी पुलिस में सेवा दे रहे हैं. तो भावना परमार बीएसएफ में चयन हुआ. वही कल्पना परमार झाबुआ अस्पताल में ट्रेनिंग दे रही है.



## प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं ने तैयार की संस्थान की यूनिफॉर्म

**नवभारत न्यूज राजगढ़ 08 मार्च, का.** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान राजगढ़ ने महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है. संस्थान से सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकीं ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संस्थान की आधिकारिक ड्रेस तैयार करने का कार्य सौंपा गया था, जिसे महिलाओं ने कुशलतापूर्वक पूर्ण कर संस्थान को सुपुर्द किया है.

जिले के ग्राम बरखेड़ा भोजा की सुश्री राधा गौड़ एवं सुश्री पूजा नागर ने अपनी मेहनत और हुनर से इस कार्य को समय सीमा में पूरा किया.

इस उपलब्धि पर आयोजित कार्यक्रम में विशेष रूप से बैंक ऑफ इंडिया ऑडिट विभाग के शैलेश एम. कांबले उपस्थित रहे. उन्होंने महिलाओं द्वारा तैयार की गई ड्रेस की गुणवत्ता की सराहना की और इसे ग्रामीण स्वरोजगार की दिशा में एक बड़ा कदम बताया. संस्थान के निदेशक अनिमेष मालवीय ने बताया कि हमारा लक्ष्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि प्रशिक्षित युवाओं को बाजार और काम के अवसर उपलब्ध कराना है. आज महिला दिवस पर हमारे ही संस्थान की महिलाओं द्वारा बनाई गई ड्रेस को अपनाना हमारे लिए अत्यंत गौरवपूर्ण है. संस्थान द्वारा ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को विभिन्न ट्रेडों में नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य निरंतर जारी है.

संगोष्ठी

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा राजगढ़ में रखा कार्यक्रम**

# घर को मंदिर समान पवित्र बनाने की जिम्मेवारी भगवान ने नारियों को दी

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 08 मार्च, का. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा शिव वरदान भवन राजगढ में घर बने मंदिर विषय पर 7 मार्च शाम को महिला संगोष्ठी रखी गई.**

जिसका उद्घाटन डिप्टी कलेक्टर ज्योति राजोरे, जिला खेल अधिकारी शर्मिला डाबर, समाजसेविका मोना सुस्तानी, जिला सहकारी बैंक की चेयरपर्सन श्रीमती अलका चौधरी, डायट प्रिंसिपल शीला पाटोदिया, नर्सिंग ट्रेनिंग सेंटर की प्रिंसिपल, मनीषा हटीला ने समाजसेविका रश्म तिवारी व ब्रह्माकुमारीज की जिला प्रभारी ब्रम्हाकुमारी मधु दीदी ने दीप प्रज्वलन कर किया.

समाज सेविका मोना सुस्तानी ने संस्था की सराहना करते हुए कहा कि यही वह स्थान है जहां हम स्वयं को चार्ज कर अंदर से शक्तिशाली बन सकते हैं. डिप्टी कलेक्टर ज्योति राजोरे ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहां की हम स्वयं रक्षित हैं हमें अपने आपको कभी भी कम नहीं आकना चाहिए. इसी कड़ी में जिला खेल अधिकारी शर्मिला डाबर, श्रीमती अलका चौधरी, डायट प्रिंसिपल बहन शीला पाटोदिया, नर्सिंग ट्रेनिंग सेंटर प्रिंसिपल मनीषा हटीला,व रश्मि तिवारी बहन ने भी शुभकामनाएं दी.

उमा दीदी द्वारा राजयोग अनुभूति कराई गई. कार्यक्रम का सफल संचालन बिके कविता बहन ने किया. अंत में मंचासीन अतिथियों का ईश्वरीय सौगात श्री लक्ष्मी- नारायण का प्रतीक चिन्ह भेट कर प्रसाद वितरित कर कार्यक्रम का समापन किया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में नारी शक्ति उपस्थिति रही सभी का दुपट्टा एवं शिव संदेश देखकर सम्मान किया.



### अमृत पान कराने की जिम्मेवारी मां लक्ष्मी को दी

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी दीपिका दीदी ने विषय पर प्रकाश डालते हुए कहां की भगवान ने देवताओं को अमृत पान कराने की जिम्मेवारी मां लक्ष्मी को दी. एक महिला को दी अर्थात परिवार को खुशियों से भरकर घर को मंदिर समान पवित्र बनाने की जिम्मेवारी भगवान ने हम नारियों को दी. नारी का अर्थ ही है न+अरी अर्थात जिनका कोई शत्रु न हो वह मां, बहन, पत्नी आदि रूपो से सहनशीलता, प्रेम, करुणा, दया बरसाती रही.



### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजन

**जीरापुर 08 मार्च, सं.** स्थानीय शिवाशीष भवन में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में वंदे मातरम स्वर्णिम भारत विषय पर फाग उत्सव मनाया गया. महिला अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया. जीरापुर सेवा केंद संचालिका ब्रह्माकुमारी नम्रता दीदी ने महिला दिवस पर अपने उद्बोधन में कहा की नारी प्रकृति की एक अनमोल रचना है. एक तरफ नारी कोमल है तो दूसरी तरफ शक्ति स्वरुपा है. इस अवसर पर अतिथियों को ब्रह्माकुमारी नम्रता दीदी ने ईश्वरीय सौगात भेंट कर सम्मानित किया. कार्यक्रम में कुमारी मुस्कान, कुमारी मीरा ने नृत्य के माध्यम से नारी शक्ति की वंदना प्रस्तुति की.

## समय सीमा गुजरने पर भी पूरी नहीं हुई मांगें

### आज राजगढ़ में ज्ञापन सौंपेंगे सहकारी संस्थाओं के प्रभारी

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 08 मार्च, का. पदोन्नति की मांग को लेकर जिले भर के सहकारी संस्थाओं के प्रभारी एवं सहायक समिति प्रबंधकों के द्वारा विगत दिवस हड़ताल की गई थी, जिस पर वरिष्ठ कार्यालय द्वारा 7 मार्च तक मांगों पर गंभीरता से विचार कर इनके निराकरण हेतु आश्वास्त किया था किंतु मांगों को लेकर किसी तरह की कोई प्रतिक्रिया नहीं होने पर आज 9 मार्च को जिले भर से कर्मचारी राजगढ़ स्थित कलेक्ट्रेट पहुंचकर दोपहर लगभग 12 बजे ज्ञापन सौपेंगे.**

कर्मचारियों का कहना है कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में सहायक समिति प्रबंधकों की 60 प्रतिशत पदोन्नति समिति प्रबंधकों के पद पर की जाना थी, लेकिन जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजगढ़ के द्वारा आदेशों की अवहेलना की जा रही है, बार-बार आग्रह के बाद भी इस और ध्यान नहीं दिए जाने के बाद सहकारी समितियों के समस्त सहायकों एवं प्रभारियों द्वारा मजबूरन हड़ताल का निर्णय लिया गया. इसी बीच वरिष्ठ कार्यालय द्वारा 7 मार्च तक मांगों पर गंभीरता से विचार कर उनके निराकरण का भरोसा दिया था परन्तु आज दिनांक तक इस मामले में कुछ नहीं हो सका. आज सोमवार को जिले भर से कर्मचारी राजगढ़ पहुंचकर मांगों के निराकरण हेतु ज्ञापन सौपेंगे.

उल्लेखनीय है कि उस दौरान हड़ताल के चलते जिले की सभी 140 सोसायटियों में कामकाज बंद होने से कई गेहूं पंजीयन, वसूली कार्य, खाद वितरण सहित सोसायटियों से संबंधित कामकाज प्रभावित होने लगे थे.